संचिका सं०–14/स्था०–01–01/2025...../

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग।

प्रेषक,

रूचि कुमारी,
अवर सचिव (प्रबंधन)।

सेवा में,

सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।
सचिव, नगर एवं विकास विभाग, बिहार, पटना।
सचिव, पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।
मुख्य अभियंता (यांत्रिक), जल संसाधन विभाग, पटना।
मुख्य अभियंता, केंद्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, जल संसाधन विभाग, पटना।
निदेशक, भौतिक प्रतिमान केन्द्र, वीरपुर।

/पटना, दिनांक–

विषय :– **विज्ञापन संख्या–01/2019 अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा नियुक्त कनीय अभियंता (यांत्रिक/विद्युत) का सेवा संपुष्टि संबंधी प्रस्ताव उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागान्तर्गत बिहार तकनीकी सेवा आयोग की विज्ञापन संख्या–01/2019 अंतर्गत नियुक्त कनीय अभियंताओं (यांत्रिक/विद्युत) की सेवा संपुष्टि वर्त्तमान में विभाग के स्तर पर विचाराधीन है।

उल्लेखनीय है कि कनीय अभियंताओं की सेवा संपुष्टि हेतु निम्न अभिलेखों की आवश्यकता है :–

(1) अद्यतन सेवा पुस्त (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
(2) अद्यतन बायोडाटा (नियंत्री पदाधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित)
(3) हिन्दी टिप्पण प्रारूपण उत्तीर्णता प्रमाण पत्र
(4) कम्प्यूटर सक्षमता जाँच परीक्षा का उत्तीर्णता प्रमाण पत्र
(5) प्रवेशकालीन प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण पत्र

विदित हो कि कतिपय कनीय अभियंता प्रतिनियुक्ति के आधार पर बाह्य विभागों में पदस्थापित हैं।

अतएव अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ पदस्थापित कनीय अभियंता (यांत्रिक/विद्युत) की सेवा संपुष्टि हेतु अनुशंसा सक्षम प्राधिकार के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभिलेखों के साथ विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

ह0/–
(रूचि कुमारी)
अवर सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक–14/स्था०–01–01/2025– 6244 /पटना, दिनांक– 28.10.26

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधित सभी पदाधिकारियों के ई–मेल पता पर भेजने हेतु प्रेषित।

Ruchi Kumari
27/10/26
अवर सचिव (प्रबंधन)।

E-Drive/pr/A.k./2026/tr.2026